# TEACHER’S DAY - 2026

## जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागण में ''शिक्षक दिवस'' मनाया गया।

आज दिनांक 5 सितम्बर 2026 को वियावानी स्थित जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन में डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 138वीं जयंती मनायी गई साथ ही रंगारग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों के प्रति बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा की शिक्षकों का आदर करें और उनसे सीखनें का प्रयास निरंतर करते रहें। जब तक जीवन है तब तक सीखना है।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र दिवाकर ने कहा कि आपलोग हमेशा सीखने के प्रति उत्साहित रहें। जहाँ भी अवसर मिलें कुछ न कुछ सीखते रहें। आपलोगों को मालूम होना चाहिए की प्रत्येक व्यक्ति एक शिक्षक होता है।

जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अन्तर्गत जे0 पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति और एक महान शिक्षाविद समाज सुधारक और शिक्षक डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मतिथि पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन से कहा गया कि हम भारतीय साल दर साल पूरे भारत में आपका जन्मदिन मनाना चाहते हैं तो उनका जवाब देखने लायक था उन्होंने कहा कि ''अगर मेरा जन्मदिन सभी शिक्षकों को सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाए तो उन्हें और खुशी होगी''। ऐसा था इस महान व्यक्ति का व्यक्तित्व। सम्पूर्ण भारतवासी इस दिन को बहुत उल्लास और उत्साह के साथ मनाते हैं, अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता दिखाते है जिसके वे योग्य हैं एवं समारोह आयोजित करते हैं। जे0 पी0 इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई. पूर्णेन्दु भूषण ने भी इस अवसर पर बच्चों के अपने आर्शीवचन दिया। जे0 पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला ने डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षकों के प्रति दिए गए योगदान पर चर्चा की। साथ ही बी.एड., डी.एल.एड, लॉ, फॉर्मेसी व जे. पी. इन्टरनेशनल स्कूल एवं डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी शिक्षकों को भाव विभोर कर दिया।

इस अवसर पर प्रो0 राजेश कुमार यादव, डॉ0 अभिषेक कुमार, प्रो0 नीलिमा पाण्डेय, प्रो0 संयिता कुमारी, प्रो0 वन्दना कुमारी, प्रो0 कृष्ण कुमार (लॉ प्रभारी प्राचार्य) प्रो0 रागिनी कुमारी, प्रो0 कुमार अदित्या मनोहर, प्रो0 राजीव रंजन श्री अशोक कुमार कार्यालय सहायक, संजय कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर, अनुपम कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ0 अशोक कुमार प्रियदर्शी के द्वारा किया गया।

05/09/26


05 सितम्बर 2026




05 सितम्बर 2026








शिक्षक दिवस समारोह
05 सितम्बर 2026

